**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 06.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. केंद्र ने राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों से नागरिक सुरक्षा तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए कल मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया।

2. वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अडडे पर हवाई अड्डा सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन।

3. जिला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से वंडूर गांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

4. श्री विजयपुरम के पत्थर गडडा में सड़क मरम्मत कार्य के चलते यातायात आज से प्रभावित।

<><><><><><><><>

गृह मंत्रालय ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से सुरक्षा तैयारियों के आकलन के लिए कल मॉक ड्रिल कराने को कहा है। देश के दो सौ चवालिस वर्गीकृत जिलों में ग्राम स्तर तक यह अभ्यास कराने का फैसला किया गया है। केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन आज राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ इस बारे में बैठक करेंगे।

सुरक्षा अभ्यास का मुख्य उद्देश्य हवाई चेतावनी प्रणालियों, भारतीय वायु सेना के साथ हॉट लाइन या रेडियों संचार व्यवस्था की प्रभावकारिता और नियंत्रण कक्षों की कार्य क्षमता का परीक्षण करना है। इस अभ्यास में विद्यार्थियों सहित सभी नागरिकों को हमले की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने का प्रशिक्षण मिलेगा। मॉक ड्रिल के दौरान महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और सुरक्षित निकासी का अभ्यास भी होगा।

<><><><><><><><>

वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने उत्कृष्टता और यात्री केंद्रित सुविधाओं के निरंतर सुधार के संदर्भ में सांसद बिष्णु पद रे की अध्यक्षता में हवाई अड्डा सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य यात्री सुविधाओं के दृष्टिकोण से एयरपोर्ट को लोगों के इस्तेमाल के लिए अनुकूल बनाना है, ताकि सेवा और यात्री सुविधा के मामले में एयरपोर्ट की छवि को सुधारा जा सके। हवाई अड्डा निदेशक देवेन्द्र यादव, सांसद के साथ–साथ जिला प्रशासन, नगरपालिका परिषद, सी आई एस एफ, आई एन एस उत्क्रोश, एयरलाइन ऑपरेटरों और व्यापार, उद्योग और यात्रा एवं पर्यटन एसोसिएशन के सदस्यों की उपस्थिति में सलाहकार समिति के सभी सदस्यों ने बैठक में भाग लिया। बैठक में सांसद विष्णु पद रे ने कहा कि मुख्य भूमि से आने–जाने वाली एयरलाइन टिकटों का किराया बहुत अधिक है और किराए की कोई सीमा नहीं है। इसके अलावा, मेडिकल सहायता प्राप्त यात्रियों या स्ट्रेचर और एम्बुलेंस सहायता वाले यात्रियों की यात्रा को एयरलाइनों से मंजूरी मिलने में भी काफी समय लगता है, जिसके परिणामस्वरूप मुख्य भूमि तक परिवहन में देरी होती है।

एसीसी के सदस्यों ने अंतरद्वीपीय हवाई संपर्क के लिए आर सी एस उड़ान योजना के तहत किराया सीमा और उड़ान संचालन का मुद्दा भी उठाया। साथ ही, एयरलाइनों से उड़ानों की संख्या बढ़ाने और शाम तथा रात तक उड़ान संचालन की अवधि बढ़ाने के लिए भी कहा गया। हवाई अड्डा निदेषक ने बताया कि एयरपोर्ट एडवांस एयर नेविगेशन उपकरणों और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसके अलावा, एयरपोर्ट पर मेडिकल सुविधा भी उपलब्ध है, जिसमें किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता का प्रावधान है।

<><><><><><><><>

जिला विधि सेवा प्राधिकरण ने हाल ही में वंडूर गांव में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। सत्र का उद्देश्य आत्महत्या से जुड़े मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और कानूनी पहलुओं के बारे में समुदाय को जानकारी देना था। जिला एवं सत्र

न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष सुधीर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि समय पर हस्तक्षेप कर आत्महत्या को रोका जा सकता है। उन्होंने जनता से आगे आने, एक–दूसरे का समर्थन करने और जरूरत पड़ने पर पेशेवर मदद लेने का भी आग्रह किया। उन्होंने कमजोर व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने और नागरिकों की मानसिक भलाई और कानूनी सुरक्षा के उद्देश्य से कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में विधिक सेवा प्राधिकरणों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में हम्फ्रीगंज पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी सुब्रमणि, वंडूर ग्राम पंचायत के प्रधान अधीर दास ने भी सभा को संबोधित किया। सत्र के दौरान स्थानीय समुदाय से संबंधित अन्य कानूनी विषयों पर भी चर्चा की गई।

<><><><><>

श्री विजयपुरम में पत्थर गढडा नम्बर – चार से प्रातरापुर चेक पोस्ट तक की सड़क और आंगनवाड़ी जंक्शन बिरसानगर से बाल निकेतन तक की सड़क के आधे हिस्से को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। मरम्मत कार्य के चलते पत्थर गढडा नम्बर – चार से प्रातरापुर चेक पोस्ट तक की सड़क को आज से दस मई तक, जबकि आंगनवाड़ी जंक्शन बिरसानगर से बाल निकेतन तक की सड़क को आज से बीस मई तक के लिए बंद किया गया है। इस दौरान हर दिन सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक सभी गाड़ियो को दूसरे रास्ते से होकर गुजरना होगा। प्रशासन ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे इस दौरान यातायात के लिए सावधानी बरते।

<><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय स्कूली विद्यार्थियों के लिए तैराकी अवकाश हॉबी कक्षाएं आयोजित करने जा रहा है। इसके लिए आवेदन पत्र स्विमिंग पूल, नेताजी स्टेडियम से आज और कल सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। भरे हुए आवेदन आठ मई और नौ मई को दोपहर दस से बाहर बजे के बीच जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><>

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत हाल ही में शोर पॉइंट ग्राम पंचायत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और सुरक्षित समाज निर्माण पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण निदेशालय द्वारा पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग और आई आर सी ए के सहयोग से संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों और पंचायत सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र में ड्रग्स, शराब और तंबाकू के हानिकारक प्रभावों पर भी चर्चा की गई और इस बात पर जोर दिया गया कि सामुदायिक प्रयास एक सुरक्षित और स्वस्थ समाज बनाने में कैसे मदद कर सकते हैं। वक्ताओं ने रोकथाम के तरीकों, जागरूकता के महत्व और मादक द्रव्यों के सेवन से निपटने में सहायता प्रणालियों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

<><><><><>

दक्षिण अण्डमान के एलीफेंट प्वाइंट स्थित पशु औशधालय ने मीठाखाड़ी ग्राम पंचायत के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ओग्राब्रज, मुस्लिमबस्ती और मीठाखाड़ी गांवों के निवासियों को एक दिन के वनराजा चूजें वितरण किए। कार्यक्रम ग्राम पंचायत मीठाखाड़ी के पंचायत भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी ललिता तिग्गा, मीठाखाड़ी ग्राम पंचायत के प्रधान मोहम्मद शफीक, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी संझली सोरेन उपस्थित थीं। कार्यक्रम में किसानों को मुर्गी पालन प्रबंधन पर प्रशिक्षण भी दिया गया। चूजों के वितरण से लगभग पैंतालिस किसानों को लाभ हुआ। पंचायत प्रधान मोहम्मद शफीक ने क्षेत्र में ग्रामीण आजीविका बढ़ाने और मुर्गी पालन आधारित स्व–रोजगार का समर्थन करने की दिशा में पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग के प्रयासों की सराहना की।

<><><><><>

## **समाचार पत्रों की सुर्खियां**

गृह मंत्रालय द्वारा राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को कल मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए जाने के समाचार को **द्वीप समाचार** ने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के बहु दिव्यांगजन विभाग के संयुक्त सचिव के ब्रुक्शाबाद स्थित समग्र क्षेत्रीय केन्द्र का दौरा करने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** ने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। इग्नू अनुसंधान केन्द्र ने छोलदारी गांव में उन्नत भारत अभियान का आयोजन किया—इस खबर को **इंफो इंडिया** ने अपने पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। श्री विजयपुरम में स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शंतरंज शिविर के आयोजन के समाचार को **इको ऑफ इंडिया** ने प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><><>**